हिन्दी साान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–17 : जौनपुर, सोमवार 05 सितम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुख्यमंत्री योगी ने शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार से किया सम्मानित

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षक दिवस के मौके पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी के अलावा व्यासायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल, बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह, माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार, प्रमुख सचिव कौशल विकास और सुभाष चंद्र शर्मा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने राज्य अध्यापक पुरस्कार से इन शिक्षकों का किया सम्मानः 1. बाराबंकी से उच्च प्राथमिक विद्यालय कोपवा सिद्धौर के सहायक अध्यापक दिनेश कुमार वर्मा। 2. मिर्जापुर से प्राथमिक विद्यालय भगेसर, पहाड़ी के प्रधानाध्यापक के रविकांत द्विवेदी। 3. भदोही से उच्च प्राथमिक विद्यालय कोइलरा औराई की सहायक अध्यापक ज्योति कुमार। 4. अयोध्या से प्राथमिक विद्यालय रूखास के प्रधानाध्यापक मनीष देव। 5. आजमगढ़ से प्राथमिक विद्यालय जिवली, ठेकमा के प्रधानाध्यापक सदाशिव तिवारी। 6. हापुड़ से संविलियन विद्यालय राजपुर सिंभावली की




सहायक अध्यापक अरूणा कुमारी राजपूत। 7. प्रतापगढ़ से उच्च प्राथमिक विद्यालय मरूआन, बाबा बेलखरनाथ धाम की सहायक अध्यापक रश्मि मिश्रा। 8. आगरा से प्राथमिक विद्यालय नगला पैमा बरौली अहीर के सहायक अध्यापक श्रीकांत कुलश्रेष्ठ। 9. बलरामपुर से उच्च प्राथमिक विद्यालय सहजौरा (कंपोजिट), रेहरा बाजार के सहायक अध्यापक राम हरिजन। 10. गोंडा से कंपोजिट विद्यालय बाबा मठिया वजीरगंज के सहायक अध्यापक सुनील कुमार।

## हजरतगंज के होटल में लगी भीषण आग : अब तक चार की मौत : सीएम योगी ने दिए जांच के आदेश

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के लखनऊ में हजरतगंज इलाके में एक होटल में सोमवार सुबह भीषण आग लग गई। आग होटल लिवाना में लगी है। फायर ब्रिगेड की कई गाड़िया मौके पर आग पर काबू पाने में जुटी हैं। धुएं के बीच कई लोग कमरों में फंसे हैं। दम घुटने से कई लोग बेहोश हो गए हैं। हादसे में चार लोगों के मौत की खबर है। कई की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंडलायुक्त और पुलिस कमिश्नर की संयुक्त कमेटी को जांच का आदेश दिया है। प्रदेश के उपमुख्मंत्री ब्रजेश पाठक भी घायलों का हालचाल लेने सिविल अस्पताल पहुंचे और कहा कि मामले की जांच की जाएगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। जानकारी के अनुसार, सोमवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे हजरतगंज के सुल्तानगंज इलाके में स्थित लिवाना होटल में भीषण आग लगी है। आग में झुलसे लोगों को सिविल अस्पताल भेजा गया है। अभी तक होटल के अंदर से 20 से ज्यादा लोगों को निकाला गया है। कुछ लोगों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि धुएं में दम घुटने से कई लोग बेहोश हो गए हैं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। दमकल कर्मी भी बेहोश हो गया है। अब तक करीब 20 लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। दो लोगों ने दम तोड़ दिया है। मौके 15 गाड़िया पहुंच चुकी हैं। तीसरी मंजिल की आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर करीब छह एम्बुलेंस और पहुंच गई हैं। रास्ते को बंद कर दिया गया है। आग पर काबू पाने के लिए बुलडोजर से दीवार तोड़ी गई।



जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि होटल में कुल 30 कमरे हैं, इनमें से 18 कमरों में लोग थे। 30 से 35 लोग कमरों में मौजूद थे। पहली मंजिल पर बैंक्वट हॉल है। यहां कई लोग थे। कई लोग सुबह होटल से निकल गए थे। वहीं, लखनऊ के हजरतगंज के होटल लिवाना में आग लगने की घटना पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने जिला अधिकारियों को झुलसे लोगों का समुचित इलाज सुनिश्चित करने के साथ ही मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य में तेजी लाने को भी कहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद सिविल अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल लिया। लखनऊ कमिश्नर एस बी शिरोड़कर ने बताया कि होटल प्रबंधन के रिकॉर्ड के अनुसार 38 से 40 लोग वहां पर रुके हुए थे जिसमें से पुलिस विभाग के अनुसार 10 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है। जिसमें से दो लोगों की दुखद मौत हो गई जबकि सात लोग अभी अस्पताल में भर्ती हैं। एक व्यक्ति को डिस्चार्ज किया गया है। होटल के कमरों में धुआं ज्यादा होने के कारण अभी तक कितने लोग अंदर फंसे हैं। इसकी जानकारी नहीं हो पा रही है। पुलिस कमिश्नर व मंडला आयुक्त को जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच के उपरांत कार्रवाई की जाएगी।




## अयोध्या राम नगरी में दीपोत्सव पर जलेंगे 16 लाख दिए : सोशल मीडिया के कई प्लेटफार्म को दीपोत्सव नोडल अधिकारी ने दी हरी झंडी

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय व उत्तर प्रदेश सरकार के संयोजन में अयोध्या राम की पैड़ी पर 23 अक्टूबर को होने वाले दीपोत्सव को आमजन तक पहुँचाने के लिए विश्वविद्यालय ने कई अधिकारिक सोशल मीडिया पेज बनाये। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 अखिलेश कुमार सिंह के दिशा–निर्देशन में दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 अजय प्रताप सिंह ने रविवार को सोशल मीडिया के कई प्लेटफार्म को हरी झंडी दी। इसके माध्यम से दीपोत्सव के स्वयंसेवकों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ लाखों लोगों को जोड़ने की तैयारी है। नोडल अधिकारी ने बताया कि प्रदेश शासन के दिशा–निर्देशन में दीपोत्सव–2022 को भव्य बनाना है। इस प्रांतीय उत्सव की विश्वभर में चर्चा है। इसको और अधिक यादगार बनाने के लिए पारंपरिक मीडिया के साथ सोशल मीडिया का सहारा लिया जायेगा। ताकि दीपोत्सव की भव्यता आमजन तक पहुँच सके। प्रो0 सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा दिव्य दीपोत्सव के नाम से फेसबुक पेज बनाया गया है। क्यू आर कोड को मोबाइल से स्केन करने पर कोई भी आसानी से फेसबुक से जुड़ सकता है। इसके अतिरिक्त यू–ट्यूब, इंस्टाग्राम व ट्विटर पर दिव्य दीपोत्सव अयोध्या धाम से अकाउंट बनाया गया है, इससे भी जुड़ सकते है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के अधिकारिक पेज को चलाने के लिए आईईटी संस्थान के शिक्षक डॉ0 विनीत सिंह, इंजीनियर अनुराग सिंह व इंजीनियर पियूष राय को जिम्मेदारी सौपी गई है। इन्हीं की निगरानी में सोशल मीडिया पेज संचालित किया जायेगा। दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 सिंह ने बताया कि शासन द्वारा राम की पैड़ी पर 14 लाख 50 हजार दीए जलाने का लक्ष्य दिया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से 16 लाख से अधिक दीए बिछायें जाने की योजना है। इसके लिए 18 हजार स्वयंसेवक लगाये जायेंगे। पूरे आयोजन को सफल बनाने के लिए समितियों के गठन के साथ अन्य तैयारियां की जा रही है।

## मां का पहला दूध बच्चे के लिए बहुत ही उपयोगी : यह बच्चों को कुपोषण से बचाता है –सुनीता राय

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ममता संस्था द्वारा भ्क्स फाउंडेशन के सहयोग से राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अवसर पर सेहत संदेश नाम से एक जागरूकता अभियान की शुरुआत बाल विकास परियोजना अधिकारी अलीगंज सुनीता राय के द्वारा हरी झंडी दिखाकर की की गई। इस मौके पर उपस्थित लोगों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि कुपोषण की समस्या एक विश्वव्यापी समस्या विकासशील देशों में कुपोषण की स्थिति पर नजर डालें तो आंकड़े चौंकाने वाले सामने आते हैं। इन विकासशील देशों में खासकर बच्चे कुपोषण के अधिक शिकार हैं। भारतवर्ष मे 68ः बच्चों का सामान्य से कम भार है। इसका मुख्य कारण कुपोषण ही है जो पौष्टिक व संतुलित भोजन न मिलने के कारण होता है। संतुलित भोजन का अभाव ही कुपोषण कहलाता है। जब हमारे भोजन में ऐसे तत्वों की कमी होती है जो शरीर की वृद्धि व रक्षा में सहायक होते हैं तो उसे कुपोषण कहते हैं। मां का पहला दूध बच्चे के लिए बहुत ही उपयोगी होता है यह बच्चों को कुपोषण से बचाता है जिसे कोलोस्ट्रम कहते हैं जन्म के 1 घंटे के अंदर ही बच्चे को मां का पहला गाढ़ा दूध जरूर पिलाना चाहिए जिससे बच्चा स्वस्थ और बहुत सारी बीमारियों से बच जाता है और बच्चे को 6 माह तक सिर्फ मां का दूध ही पिलाना चाहिए ऊपर से कुछ भी नहीं पानी भी नहीं क्योंकि मां का दूध ही बच्चे के लिए सर्वोत्तम आहार है उन्होंने कहा कि बच्चे को 6 माह के उपरांत हल्के भोजन से जैसे दलिया मछला हुआ केला आदि से शुरुआत करनी चाहिए और धीरे–धीरे इसे बढ़ाने से जिससे बच्चे का विकास सही तरीके से हो सके। ममता संस्था के प्रोग्राम



मैनेजर क्षमा शील वर्मा ने बताया राष्ट्रीय पोषण सप्ताह भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, खाद्य और पोषण बोर्ड द्वारा शुरू किया गया वार्षिक पोषण कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम पूरे देश में प्रतिवर्ष 1 से 7 सितंबर तक मनाया जाता है। पोषण सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश्य बेहत्तर स्वास्थ्य के लिए पोषण के महत्व पर जागरूकता बढ़ाना है, जिसका विकास, उत्पादकता, आर्थिक विकास और अंततः राष्ट्रीय विकास पर प्रभाव पड़ता है। इस सप्ताह तक चलने वाले इस पोषण अभियान में गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं, छह साल से कम उम्र के बच्चों और किशोरियों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ महत्व के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर प्रमुख मुख्य सेविका राजकुमारी चंद्रा ममता पांडे दीपिका सहवाग सहवाग तरुण लता पाल रेखा वर्मा तथा कम्युनिटी मोबिलाइजर निशा सिंह गायत्री सोनकर सुमन शुक्ला और आंगनवाड़ी वर्कर भी उपस्थित थी। इस मौके पर प्रमुख रूपसे मुख्य सेविका राजकुमारी चंद्रा ममता पांडे दीपिका सहवाल तरुण लता पाल रेखा वर्मा तथा कम्युनिटी मोबिलाइजर निशा सिंह गायत्री सोनकर सुमन शुक्ला और आंगनवाड़ी शशि प्रभा पूनम पांडे किरण यादव शिव दुलारी वर्मा अलका राठौर भी उपस्थित थी।

## ग्राम रोजगार सेवकों ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उ०प्र०ग्राम रोजगार सेवक संघ के प्रांतीय आह्वान पर सोमवार को जिले के सभी ग्राम रोजगार सेवकों ने संगठन के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण चौरसिया के नेतृत्व में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित 10 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी मनीष वर्मा को सौंपा । मांग पत्र में प्रमुख रूप से दिनाँक–04 अक्टूबर 2021 को डिफेंस एक्सपो के मैदान में आयोजित सम्मेलन में मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम रोजगार सेवकों के सम्बंध में की गई घोषणाओं पर आदेश निर्गत कराए जाए ,ग्राम रोजगार सेवकों से मूल ग्राम पंचायतों के साथ साथ अन्य रिक्त ग्राम पंचायतों के कार्य लिए जाए,कोविड के अतिरिक्त आकस्मिक दुर्घटना से मृत्यु होने पर उसके आश्रित को सेवा में समायोजित कराया जाए, राज्य वित्त ,केंद्रीय वित्त एवं अन्य निधियो में श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान मनरेगा से कराए जाय, ई०पी०एफ कटौती की धनराशि कर्मचारियों के यू०ए०एन०खाते में भेजी जाए,अनुमोदन से विरक्त ग्राम रोजगार सेवकों के अनुमोदन कराते हुए ग्राम पंचायतों में योगदान लिया जाए,ग्राम रोजगार सेवकों को नियमित करते हुए राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए,पूर्व के बकाया मानदेय भुगतान हेतु निर्देश जारी किये जाए तथा बिल बाउचर,मस्टर रोल पर अनिवार्य हस्ताक्षर व श्रमिकों की डिमांड ग्राम रोजगार सेवक से ही लिया जाय और प्रत्येक माह प्रदेश स्तर/जनपद स्तर पर समस्याओं के निराकरण हेतु बैठक



की तिथि निर्धारित कराए जाने जैसी प्रमुख माँगे है। संगठन के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण चौरसिया ने बताया कि अभी इन्ही मांगो के लेकर 2 सितम्बर को जिले के सभी विकास खण्डों से खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से भी मुख्यमंत्री को माँग पत्र भेजा गया है । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री राकेश कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार मौर्य,ब्लॉक अध्यक्ष गण दिलीप कुमार आर्य, रामशंकर अभय सिंह, कमलेश यादव,आशीष कुमार,दिनेश कुमार राज, गीता कन्नौजिया, बसन्त मौर्य ,दुर्गावती देवी, मन्जू देवी ,कुशमलता लक्ष्मी देवी उर्मिला यादव संगीता देवी अशोक यादव राम जी यादव आदि सैकडों ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## टीडीएमसी स्कूल नें शिक्षकों को किया सम्मानित

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : शिक्षक दिवस के अवसर पर धर्मापुर स्थित तिलकधारी मेमोरियल कॉलेज में शिक्षकों के सम्मान में भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष चेयरमैन डॉ आई




जे सिंह मुख्य अतिथि श्रीमती सत्य प्रभा सिंह प्रधानाचार्य जीआईसी व विशिष्ट अतिथि अमरनाथ सिंह, प्रबंधक दिलीप सिंह व प्रदीप सिंह ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। बच्चों ने गीत, भाषण व नाट्य प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने अपने शिक्षकों को सम्मान स्वरूप स्वनिर्मित कार्ड व पेन दिया। प्रधानाचार्य श्रीमती अर्चना सिंह व मुख्य अतिथि ने शिक्षिका रश्मि सोनी, प्रतिभा सिंह, शालू साहू, रूबी सिंह, समीन जमाल, रीना सिंह, विशाखा राय, श्रेया राय, आफरीन, आँचल तिवारी, राफिया सिद्दीकी, नितिन गुप्ता, शेरू, शिव सौरभ श्रीवास्तव व आशुतोष सिंह को सम्मानित किया। बेस्ट टीचर अवॉर्ड संयुक्त रुप से रेखा जायसवाल व शिवानी निषाद को दिया गया। प्रधानाचार्य श्रीमती अर्चना सिंह ने आए हुए अभिभावकों व अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

## समोधपुर पी.जी. कालेज में शिक्षक दिवस समारोह का हुआ आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर में शिक्षक दिवस के अवसर पर रास्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में प्रबंधक हृदय प्रसाद सिंह 'रानू' के संरक्षकत्व में एवं प्राचार्य प्रो. बी. के. निर्मल की अध्यक्षता में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रोफेसर बी.के.निर्मल ने पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन



के योगदान का उल्लेख करते हुए उन्हें महान मनीषी बताया ।इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। प्रोफेसर रमेश चंद्र सिंह ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के राष्ट्र निर्माण में योगदान का विस्तार से वर्णन किया ।प्रोफेसर रणजीत कुमार पांडेय ने राधकृष्णन के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा– दीक्षा तथा राष्ट्रपति बनने की सम्पूर्ण यात्रा का उल्लेख किया। डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने उन्हें राजनीतिक, सामाजिक एवं शैक्षिक क्षेत्र का महान मनीषी बताया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ राकेश कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर डॉ लक्ष्मण सिंह, डॉ नीलमणि सिंह डॉ अविनाश वर्मा, डॉ पंकज सिंह,डॉ लालमणि प्रजापति, डॉ आलोक प्रताप सिंह,डॉ जितेंद्र सिंह, डॉ विष्णु कांत त्रिपाठी,डॉ नीलम सिंह,डॉ जितेंद्र कुमार,डॉ विकास कुमार यादव,डॉ नीलू सिंह,डॉ सत्य प्रकाश सिंह,डॉ राजेश कुमार मौर्य, डॉ रत्नेश प्रजापति,कार्यालय अधीक्षक बिंद प्रताप सिंह, अखिलेश सिंह, गंगा प्रसाद सिंह, पंकज कुमार,इदरीश, शिवमंगल सोनी आदि शिक्षक,कर्मचारी, छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

*–सुविचार–*

**पवित्रता की शक्ति इतनी प्रबल है जो सारे विश्व के दुःख दूर कर सकती है।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

# भाजपा नेता अजय शंकर दूबे की गाड़ी पेड़ से टकराने के बाद खाई में पलटी : पांच घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर विधान सभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के कंडिडेट रहे अजय शंकर दूबे एक हादसे मे गम्भीर रूप से घायल हो गये।वाहन मे बैठे 4 अन्य घायलों को प्रयागराज के एक निजी हास्पिटल मे भर्ती कराया गया है।भाजपा नेता अजय शंकर की हालत गम्भीर बनी हुई है। हादसा रविवार की रात 12 बजे हुआ वह अपनी फारच्यूनर गाड़ी से जौनपुर से अपने घर सुजानगंज आ रहे थे।सिकरारा थाना क्षेत्र के गुलजारगंज के पास ड्राईवर को नींद आ गई जिसकी वजह से वाहन शीशम के पेड़ से टकराने के बाद 10 फुट गहरे खाई मे पलट गई ।गाड़ी पलटते ही कोहराम मच गया।घायलो की चीख पुकार की आवाज सुनकर कुछ लोग दौड़े और वाहन का शीशा तोड़कर बाहर निकाला ।हादसे मे सुजानगंज थाना क्षेत्र के प्रेम का पूरा निवासी भाजपा नेता अजय शंकर दूबे (40)गम्भीर रुप से घायल हो गये उन्हे सिर,हाथ व पैर मे गम्भीर चोटे आई है।गाड़ी मे बैठे बीडी दूबे (42)निवासी प्रेम का पूरा सुजानगंज, पुष्कर मिश्रा (28)निवासी भुईधरा सुजानगंज, ड्राईवर मनोज सिंह (40) निवासी शखवट सुजानगंज व गनर राजकुमार (35) बुरी तरह से घायल हो गये।हादसे की सूचना मिलते ही सिकरारा पुलिस मय फोर्स मौके पर पहुंची।सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया ।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को प्रयागराज रेफर किया गया।रात 2 बजे घायलों को प्रयागराज के एक निजी हास्पिटल मे भर्ती कराया गया है जहां पर घायलों का ईलाज चल रहा है।भाजपा नेता अजय शंकर दूबे की हालत गम्भीर बताई जा रही है।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय में इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल का होगा आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल का आयोजन करेगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस आयोजन के लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय को जिम्मेदारी दी है। विश्वविद्यालय में पहली बार राज्य स्तरीय यूथ फेस्टिवल का आयोजन होगा। इसमें प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। कुलपति प्रो निर्मला एस. मौर्य ने इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल आयोजन की जिम्मेदारी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय इसका सफलतापूर्वक आयोजन करेगा. प्रदेश की विभिन्न संस्कृतियों की झलक देखने को मिलेगी। कुलपति प्रो निर्मला एस. मौर्य के निर्देश पर जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने विगत माह उत्तर प्रदेश शासन को अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव आयोजित किये जाने हेतु प्रस्ताव बना कर भेजा था। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की स्वीकृति पर उक्त आयोजन को पूर्वांचल विश्वविद्यालय में किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है। डॉ मनोज मिश्र ने बताया कि इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को एक मंच प्रदान करना है जिससे उन्हें विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों द्वारा अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर मिल सके। इंटर युनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल में विभिन्न प्रतिस्पर्धात्मक प्रतियोगिताएं निर्णायक मंडल के आलोक में आयोजित की जाएगी।

# व्यापारियो के हितो की लड़ाई लड़ना ही उद्योग व्यापार मंडल का उद्देश्य –इन्दू सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 4 सितंबर उद्योग प्रतिनिधि मंडल के वरिष्ठ प्रान्तीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष इन्द्र भान सिंह उर्फ इन्दू सिंह ने कहा कि व्यापारियो के हितो की लड़ाई लड़ना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है। व्यापारियो को जाति ,पार्टी से ऊपर होकर पहले अपने को व्यापारी होने का गर्व महसूस करना चाहिए। रविवार को देवकली बाजार में नव गठित व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने पदाधिकारियो को पद व गोपनीयता का शपथ दिलाया। जिलामहामंत्री आरिफ हबीब खान ने कहा कि संगठन में बहुत बड़ी ताकत होती है। इस लिए व्यापारियो को संगठित होना जरूरी है। समारोह में तहसील अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त , जिला उद्योग मंच अध्यक्ष संजय सिंह, उमेश चन्द्र गुप्त, अरुण कुमार कमलापुरी ,विनोद कुमार सिंह, त्रिलोकी गुप्त, उमेश चन्द्र गुप्त आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर विकास , विक्की , अतुल सिंह, अनिलकुमार साधु आदि उपस्थित रहे। देवकली व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजीत कुमार गुप्त, महामंत्री जावेद हाश्मी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मो0 समीर , सन्नू यादव आदि ने आए हुए अतिथियो को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिलीप कुमार काले सिंह व संचालन जिला संगठन अब्दुल हक अंसारी ने किया।

# नगर पंचायत क्षेत्र में पचीस लाख रुपये की लागत से तीन परियोजनाओं पर होगा कार्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तालाब में जाने वाले पानी की सफाई हेतु चार कार्नर पर शिल्ट कलेक्टेड चेम्बर के निर्माण सहित संविधान निर्माता डा0 भीमराव अंबेडकर व क्षेत्र के सुल्तानपुर गाँव निवासी अमर शहीद आशुतोष यादव की स्मृति में नगर पंचायत ने शहीद स्मारक बनाने की रणनीति बनाया है! अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने पचीस लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित कार्य को शुरू भी करा दिया है! कार्य को सिम्बर माह में पूरा कराया जाना है! 821022 रुपये में रामजानकी मोड़ के पास शहीद आशुतोष यादव स्मारक पार्क, 770781 रुपये की लागत से शाहगंज रोड पर डा0 भीमराव अंबेडकर स्मारक पार्क तथा 870 431 रुपये की लागत से डाकघर के सामने स्थित तालाब में जाने वाले पानी की सफाई हेतु चार कार्नर पर शिल्ट कलेक्टेड चेम्बर का निर्माण कार्य कराया जाना है! अधिशासी अधिकारी अनिल सिंह ने बताया कि रामजानकी मोड़ के पास ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय की स्मृति में स्मारक पार्क का निर्माण भी कराया जाएगा! इसके निर्माण की भी कार्य योजना बना ली गयी है! उन्होंने बताया कि यह सभी कार्य योजना विधायक रमेश चन्द्र मिश्र के पत्र तथा बोर्ड की सहमति पर बनायी गयी है! यह कार्ययोजना तीन माह के भीतर ही पूर्ण करा लिया जाएगा! उन्होंने इन्दिरा चौक तथा चारो रोड क्रमशः सिंगरामऊ, धनियामऊ, घनश्यामपुर तथा महराजगंज के तिकोनों का सौन्दर्यीकरण भी कराया है!

# प्रथम राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर में प्रथम राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन माला लती ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वाधान में हुआ इस टूर्नामेंट में करीब 400 खिलाड़ी प्रतिभाग की है इस टूर्नामेंट में अलीगढ़ अमरोहा देवरिया बनारस सोनभद्र जौनपुर शाहजहांपुर फिरोजाबाद आगरा प्रतापगढ़ इलाहाबाद आदि जिलों ने प्रतिभाग किया टूर्नामेंट के आयोजक श्री प्रवीण मिश्रा ने बताया इस टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश से कोने कोने से खिलाड़ी आए हैं और खिलाड़ी में काफी उत्साह है इसका समापन अभी 5 तारीख को होना है टूर्नामेंट का उद्घाटन भाजपा प्रवक्ता श्री ओम प्रकाश जी और विशिष्ट अतिथि श्याम जी महाराज के द्वारा हुआ इस कार्यक्रम में मधुकर तिवारी आनंद शुक्ला जमा था ताइक्वांडो अध्यक्ष तरुण शुक्ला अजय पांडे ताइक्वांडो मैनेजर मनोज मिश्रा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# असरोपुर में नदी के तट पर बनेगा अन्त्येष्टि स्थल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधायक रमेश चन्द्र मिश्र के प्रस्ताव पर तहसील क्षेत्र के ग्रामपंचायत असरोपुर में सई नदी के किनारे जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार ने अन्तयेष्टि स्थल निर्माण कराए जाने के लिए प्रस्तावित किया है! उन्होंने एसडीएम डा0 प्रदीप कुमार ने पत्र लिखकर ग्रामपंचायत में 1750 वर्गमीटर जमीन उपलब्ध कराने, भूमि प्रबन्ध समिति का प्रस्ताव , प्रस्तावित स्थल की खसरा खतौनी, भूमि के अविवादित होने का प्रमाण पत्र, प्रस्तावित स्थल का नजरी नक्शा, प्रस्तावित स्थल का फोटो ग्राफ , प्रस्तावित स्थल तक आने जाने का रास्ता होने का प्रमाण पत्र चाहा है! एसडीएम ने सम्बंधित राजस्व निरीक्षक तथा लेखपाल को तत्काल मौके पर पहुँच कर सभी कागजात पूर्ण कर अविलम्ब मुहैया कराने का निर्देश दिया है! गौरतलब है कि ग्रामपंचायत असरोपुर में अन्तेष्टी स्थल का निर्माण हो जाने से अगल बगल के ग्रामपंचायत केठुआ, मोलनापुर, राजापुर, बरियारपुर, केवटली, फत्तूपुर, भगवानपुर, शेषपुर, खुटहनी तथा मया आदि ग्रामीणों को भारी राहत मिलेगी! अन्तेष्टी स्थल के निर्माण कराये जाने की खबर मिलते ही विभिन्न ग्रामपंचायत के प्रधान धीरज चौबे, संजय सिंह, गुलाबा देवी आदि ने विधायक मिश्र को बधाई दिया है!

# डॉ बीएस उपाध्याय के आशा दीप अस्पताल में गर्भवती महिला की मौत से नाराज परिजनों नें किया हंगामा : सर्प दंश का था मामला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : एक तरफ जहां सरकार गरीबों को मुफ्त इलाज देने के लिए जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर मेडिकल कॉलेज स्थापित कर रही है साथ ही निजी नर्सिंग होम पर छापेमारी की कार्रवाई भी जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है बावजूद इसके जिले में तमाम ऐसे नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं जहां अप्रशिक्षित डॉक्टर नर्स द्वारा मरीजों की आए दिन जान ली जा रही है।ताजा मामला नगर के अहियापुर स्थित आशादीप हॉस्पिटल का है।जहाँ रविवार की शाम एक महिला की मौत हो जाने के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप था कि डॉ बीएस उपाध्याय ने मरीज को देखने के बाद दस हजार का इंजेक्शन लगवाने का आदेश दिया था,और कहा था कि वह ठीक हो जाएंगी। लेकिन इंजेक्शन लगाते ही उक्त महिला की मौत हो गई जिससे नाराज परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। बदलापुर तहसील के बेलांव गांव निवासी गर्भवती महिला मेनका चौहान 27 वर्ष पत्नी लालू चौहान को सांप ने काट लिया था। परिजन उसे लेकर नगर के डॉ. बीएस उपाध्याय के आशादीप हॉस्पिटल पहुंचे थे। जहां डॉक्टर ने मरीज को देखने के बाद आश्वस्त किया था कि वह ठीक हो जाएगी उसे दस हजार का एक इंजेक्शन तत्काल लगाना पड़ेगा। परिजनों ने हॉस्पिटल में बने मेडिकल स्टोर से उक्त इंजेक्शन को खरीदा और स्टाफ को लगाने के लिए दिया लेकिन इंजेक्शन लगते ही उक्त महिला की मौत हो गई जिसके बाद परिजन हंगामा करने लगे। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने किसी तरह मामले का शांत कराया और कार्रवाई करने की बात कही। डॉ बीएस उपाध्याय पर आए



दिन मरीज से लापरवाही किए जाने का आरोप लगता रहा है ऐसे में इस मामले ने एक बार फिर उनकी साख पर बट्टा लगा दिया है। अभी 2 दिन पहले ही जौनपुर एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने ऐसे निजी नर्सिंग होम ऊपर सख्त कार्रवाई करने की बात कही थी लेकिन जिला प्रशासन सुदूर क्षेत्रों में खानापूर्ति कर नगर के अंदर संचालित हो रहे हो तमाम नर्सिंग होम को धड़ल्ले से चलने दे रहे है जो मानक विहीन चल रहे हैं जहां से एक मोटी रकम हर महीने स्वास्थ्य के कुछ खास लोगो को पहुंचती है ।जिनके शह पर ऐसे नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं इन अस्पतालों पर कोई चेकिंग नहीं की जाती है नहीं डॉक्टरों नर्सों की जांच पड़ताल की जाती है वह कितने सही हैं और कितने गलत है यदि किसी द्वारा इसकी आवाज उठाई जाती है तो संबंधित नर्सिंग होम के संचालक और उनके ठेकेदारों द्वारा विभाग से मिलीभगत करके मामले को ठंडे बस्ते में डालकर रफा–दफा कर दिया जाता है।

# रोटरी क्लब जौनपुर ने महिला शिक्षिकाओं को ''नेशन बिल्डर अवार्ड'' से किया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शिक्षक दिवस की पूर्वसंध्या पर रोटरी क्लब जौनपुर द्वारा संस्थाध्यक्ष रो०अनिल गुप्ता के कुशल निर्देशन में तिलकधारी महाविद्यालय के बलरामपुर हाल में शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वल्लन करके मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल एवं संस्था के पदाधिकारियों द्वारा किया गया तथा रोट्रेक्ट अदिति प्रजापति द्वारा बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया गया । इस अवसर पर शिक्षाविद डॉ वंदना दुबे द्वारा शिक्षक दिवस की महत्ता पर विचार प्रस्तुत किया गया और साथ ही समाज की संरचना में शिक्षक के योगदान पर अपने बहुमूल्य विचार रखे। रोटरी क्लब अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज में शिक्षक के योगदान को कभी कमतर नही आंका जा सकता एक व्यक्ति के जीवन मे प्रथम शिक्षक उसकी माँ होती है जो उसके अंदर संस्कारों की शिक्षा देती है, इसलिए रोटरी क्लब ने आज शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहीं मातृ शक्तियों को आज सम्मनित कर स्वयं को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने अपने उद्बोधन में रोटरी क्लब द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो के बारे में विस्तार से बताया और मुख्यतः संस्था द्वारा चलाये जा रहे टीच कार्यक्रम के बारे में विशेष तौर पर जानकारी प्रदान की, जिसके अंतर्गत टीचर सपोर्ट,सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में ई लर्निंग की व्यवस्था, वयस्क शिक्षा ,बच्चो के विकास व हैप्पी स्कूल जैसे



विषयों पर लगातार कार्य किये जा रहे है। सभा के मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल जी ने अपने उद्बोधन में रोटरी क्लब जौनपुर द्वारा शिक्षा के क्षेत्र व अन्य क्षेत्रों में किये जा रहे कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और कहा कि मातृ शक्ति महिला शिक्षकों को सम्मानित कर संस्था ने निश्चय ही एक बेहतरीन नजीर पेश की है जो सबके लिए अनुकरणीय है । उन्होंने रोटरी क्लब को विश्वास दिलाया कि जब भी जहाँ भी उन्हें किसी भी तरीके की मदद की जरूरत होगी वो सदैव एक कदम आगे बढ़कर संस्था का साथ देंगे। इस अवसर पर सम्मानित होने वाली शिक्षिकायें कामिनी मिश्रा, निरुपमा मौर्य, सीमा सिंह, सिंधुजा श्रीवास्तव, अंजना सिंह, ध्रुवा सिंह, सुधा रानी यादव, सिंह शोभा हरिशंकर, नूपुर श्रीवास्तव, अर्चना सिंह, तसनीम फातिमा, चंदा दुबे, श्वेता सिंह, मंजू लता, संयुक्ता सिंह, दीपमाला जायसवाल आदि के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान दे रही प्रख्यात महिला शिक्षविदों डॉ वंदना दुबे जी व डॉ चंद्रलेखा सिंह जी को भी स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम निदेशकों रोटेरियन विवेक सेठी व कलाविद रोटेरियन रविकांत जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष अमित पांडेय, लिटरेसी चेयरमैन आरएन सिंह, रोटेरियन राजीव साहू ,कुँवर शेखर गुप्ता को भव्यता प्रदान करने में अपना विशेष योगदान दिया। इस सभा का कुशल संचालन प्रख्यात रत्नविशेषज्ञ रो०डॉ संदीप पांडेय जी ने किया व अतिथियों का आभार सचिव सूजीत अग्रहरि जी ने व्यक्त किया।

### स्वयं सेवी संस्था ने डेंगू से बचाव के लिए कराया छिड़काव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे संक्रमण को देखते हुए अब स्वयं सेवी संस्थाएं भी साफ–सफाई व संक्रमण रोकने के लिए आगे आ रही है। रविवार को पंडित माधवराम नेशनल फाउंडेशन द्वारा मिरशादपुर गांव में डेंगू मच्छरों को समाप्त करने के लिए दवा का छिड़काव कराया। संस्था के कार्यकर्ताओं ने जगह–जगह सफाई अभियान भी चलाया।प्रबंधक अनुराग द्विवेदी ने कहा कि हमारी संस्था द्वारा इसी तरह अन्य गांवों में भी डेंगू के रोकथाम के लिए प्रयास करेगी। इस अवसर पर ग्रामप्रधान अखिल यादव, अंकुर शुक्ल, रामसिंह यादव, वेदप्रकाश, प्रमोद निषाद, सोनल सिंह सहित आदि उपस्थित रहे।

# बीस सितंबर के आंदोलन की सफलता हेतु संगठन ने कसी कमर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर की महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व में हुसैनाबाद स्थित कैंप कार्यालय में हुई। बैठक में प्रांतीय संगठन मंत्री/जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए चरणबद्ध तरीके से रहे आंदोलन के प्रथम चरण में व्यापक हस्ताक्षर अभियान की सफलता पर जनपद के



शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए आंदोलन के दूसरे चरण में आगामी बीस सितंबर दिन मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट में होने वाले एक दिवसीय धरने को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति का आह्वान किया। श्री सिंह ने बताया कि संगठनात्मक दृष्टिकोण से संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए जनपद के सभी छः तहसीलें के अलग–अलग प्रभारी नियुक्त किए गए हैं जो सम्बंधित तहसील के ब्लाक में संगठन विस्तार एंव पुरानी पेंशन सहित शिक्षक आंदोलनों को मजबूती प्रदान करेंगे। इस क्रम में केराकत– सतीश पाठक जिला मंत्री शाहगंज– सतीश सिंह जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मछ्लीशहर रोहित यादव जिला कोषाध्यक्ष बदलापुर– शैलेंद्र सिंह जिला संयुक्त मंत्री सदर अतुल प्रताप सिंह जिला उपाध्यक्ष मड़ियाहूं–अश्वनी कुमार सिंह जिला संगठन मंत्री एंव अर्चना सिंह जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा को शिक्षक संपर्क टोली का प्रमुख बनाया गया। जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने सभी संवर्ग के नवनियुक्त प्रभारियों से कहा कि आप सभी लोग सम्बंधित ब्लाक/न्याय पंचायत के शिक्षक साथियों से संपर्क कर आंदोलन की सफलता एंव सदस्यता अभियान की प्रगति की तैयारी की रूपरेखा तैयार कर लें। साथ नवनियुक्त तहसील प्रभारियों से आग्रह है कि अपने तहसील के सम्बंधित ब्लाक की कार्यसमिति से संपर्क कर उनका यथासंभव सहयोग करें। यदि आवश्यक हो तो अपने संबंधित तहसील पर बैठक कर सर्वसम्मति से तहसील सहप्रभारी का चयन करके उनसे भी सहयोग लें। बैठक को महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना सिंह, जिला उपाध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह, राजेश सिंह टोनी, दिवाकर चौहान ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन जिला मंत्री सतीश पाठक ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव, प्रचार मंत्री डॉ अनुज सिंह, संगठन मंत्री संतोष सिंह बघेल, सरोज सिंह, मुन्ना लाल यादव, मृत्युंजय सिंह, विशाल सिंह, मीरा रजक, निपुर श्रीवास्तव, अखंड सिंह, रोहित सिंह, प्रदीप सूर्या, सजल सिंह, अरविंद सिंह,उमेंद्र सिंह, संजय राय, धीरज कश्यप, भईयालाल कनौजिया, राकेश सिंह, नीतीश कुमार सिंह, संजय सिंह, सहित बड़ी संख्या में संघनिष्ठ शिक्षक उपस्थित रहे।

# लायन्स क्लब जौनपुर ने शिक्षकों को किया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लायन्स क्लब जौनपुर द्वारा शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर 38 वां शिक्षक सम्मान समारोह होटल रघुवंशी में आयोजित हुआ, मुख्य अतिथि प्रो निर्मला एस मौर्य कुलपति वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्व विधालय व विशिष्ठ अतिथि डा क्षितिज शर्मा एरिया लीडर ने दीप प्रज्जवलित कर व डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की फोटो पर पुष्प अर्पित कर समारोह का शुभारम्भ किया, इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने वाले पांच गुरु जन को सम्मानित किया गया, जिसमें प्रो अजय द्विवेदी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर पूर्वांचल विश्व विधालय, डा सुनिता गुप्ता अध्यक्ष शिक्षा संकाय, राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंजूलता कुमारी वर्मा प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इन्टर कालेज जौनपुर, वंदना अस्थाना आचार्या सरस्वती बाल विधा मंदिर, प्रेम बहादुर यादव प्र. प्रधानाध्यापक बेसिक शिक्षा को माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम पहनाकर, प्रशस्तिपत्र व उपहार प्रदान कर, और लायन्स की युवा शाखा लियो क्लब द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। संस्थाध्यक्ष संदीप गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया, ध्वज वंदना कविता वर्मा ने पढ़ी, इस अवसर पर कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य ने कहा कि शिक्षक समाज की धूरी है किसी भी राष्ट्र को सशक्त बनाने में शिक्षको की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है, एक शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से समाज के लगभग हर घर के नीति निर्धारण मूल्यो के विकास और अन्ततः जीविकोपार्जन का माध्यम बनता है इसीलिए कहा जाता है कि गुरु का स्थान भगवान से भी ऊंचा है, डा क्षितिज शर्मा ने कहा शिक्षक छात्र की प्रतिभा और उसकी अभिरुचि की



पहचान करते हुए समाज के विकास हेतु विभिन्न क्षेत्रों के चुनाव हेतु पथ प्रदर्शक का कार्य करते है, तथा इंजीनियर चिकित्सक, वैज्ञानिक, शिक्षक, एडवोकेट, व्यापार व बेहतर नागरिक के रुप में विकसित होने में बहुमूल्य योगदान देते हैं, सम्मानित होने वाले शिक्षकों का परिचय सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, राकेश श्रीवास्तव, डा मदन मोहन वर्मा, संजीव मौर्य, अर्पणा श्रीवास्तव ने कराया, सचिव राजीव श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया, संचालन मनोज चतुर्वेदी ने किया, इस अवसर पर दिनेश टंडन पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, ऋषभ रंजन क्षितिज शिवाजी, अजय आनंद, सुरेश चंद्र गुप्ता, संगीता श्रीवास्तव, संगीता गुप्ता, सोमेश्वर केसरवानी, प्रो मनोज मिश्रा, गोपीचंद साहू, लियो अध्यक्ष हर्षित रंजन, लियो सचिव ऋषि श्रीवास्तव लियो कोषाध्यक्ष स्वराज जयसवाल, लियो उपाध्यक्ष हिमांशु मिश्रा लियो उपाध्यक्ष उज्जवल श्रीवास्तव लियो उपाध्यक्ष प्रफुल्ल श्रीवास्तव संजय श्रीवास्तव, अशोक मौर्य, प्रतिमा गुप्ता, मदन गोपाल गुप्ता, परमजीत सिंह, संजय सिंघानिया, रविन्द्र कालरा नीरज शाह आदि उपस्थित रहे।

### 142 वर्ष बाद अपने पूर्वजों को खोजने के लिये वेस्टइंडीज की महिला पहुची बरसठी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी थाना क्षेत्र के बारीगांव गांव में रविवार को वेस्टइंडीज से महिला निर्मला तीन पीढ़ी 142 वर्ष के बाद अपने पूर्वजों को खोजने के लिए पहुची ।लेकिन उन्हें पूर्वजो का पता नही लग पाया ।महिला पूरे गांव में घूमकर सबसे मुलाकात की और ग्राम प्रधान अर्जुन यादव के घर भोजन किया ।गांव में रहने के बाद वह इलाहाबाद इस्कॉन मंदिर पर चली गयी। महिला ने बताया कि वर्ष 1880 में अंग्रेज शासन में इनके परदादा रहे विश्वनाथ यादव को साथ ले गए थे,तभी से वहां वह लोग रह रहे है ।इसके साथ ही परिवार बढ़ा तो परिवार के लोग इस समय कई देशों में वेस्टइंडीज के गयाना, कनाडा,व साउथ अफ्रीका रह रहे है ।महिला निर्मला के पिता गणेश, व दादा का नाम शिवदयाल है ।ग्राम प्रधान अर्जुन यादव ने बताया कि निर्मला ने भारतीय दूतावास से संपर्क किया,वह इस्कॉन मंदिर संस्था की सदस्य भी है,उन्होंने अपने परदादा के जन्मस्थान को देखने और परिवार का पता लगाने की इच्छा जाहिर की ।उन्होंने बताया कि दूतावास के जरिये डीएम जौनपुर से सम्पर्क किया,डीएम ने सीडीओ को पता लगाने के लिए कहा सीडीओ ने शनिवार को फोन कर काफी देर तक बात कर जानकारी ली ।आज सुबह 10 बजे बरसठी थाने पर पहुँची इसके बाद पहले से वहां मौजूद ग्राम प्रधान अर्जुन यादव अपने साथ गांव ले गये ।निर्मला गांव में पहुँच कर काफी प्रभावित हुई ।वह गांव के लोगों से मुलाकात की और अपने साथ लाये प्रसाद के रूप में सभी को मिठाई दी ।इसके बाद ग्राम प्रधान अर्जुन यादव के घर पर भोजन किया ।निर्मला यहां के लोगों से प्रभावित होकर फिर बारीगांव गांव आने के लिए कहकर गयी है। ग्राम प्रधान ने बताया कि अभी उनके परिवार का पता नही लग पाया लेकिन वह हमें ही अपना परिवार व घर मान लिया है। वह दोबारा आने को कहकर वापस इलाहाबाद स्थित इस्कॉन मंदिर चली गयी है।

# लगातार चोरी को अंजाम देने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत अयोध्या जनपद के थाना इनायतनगर में थाना प्रभारी अमरजीत सिंह के कुशल नेतृत्व में इनायत नगर पुलिस टीम द्वारा 2 नफर चोर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया जिसमें नीरज तिवारी पुत्र नरेंद्र तिवारी उम्र 30 वर्ष, सुशील तिवारी पुत्र सत्रोहन तिवारी उम्र 38 वर्ष, निवासी गण ग्राम आस्तिकन डीह पूरे बीरबल नौसडिया तिवारी का पुरवा। गिरफ्तार किए गए चोरों के पास से एक दुर्गा माता की मूर्ति पीली धातु वजन लगभग 1 किलोग्राम, एक आदत श्री गणेश जी की मूर्ति वजन लगभग 400 ग्राम पीली धातु, व एक अदद घंटा पीली धातु, के साथ दिनांक 03/09/ 2022 देर शाम महापुरुष बाबा मंदिर ग्राम मुंगीशपुर मठिया थाना इनायतनगर के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के ऊपर अ0 स0 422/2022 धारा 380,411, पंजीकृत की गई है गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया गया।

# अवनीन्द्र दत्त का परम्परागत तरिके से मनाया गया 75वां जन्मदिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर रियासत के 12वें नरेश राजा अवनीन्द्र दत्त का 75वां जन्मदिवस परम्परागत तरिके से मनाया गया। प्रत्येक वर्ष हिंदी के भाद्रपद माह में राधाष्टमी को हवेली स्थित मंदिर में हवन पूजन किया जाता है। यह तिथि अंग्रेजी तारीख से बदल जाता है। मंदिर के बाद जनपद के गणमान्य जनों द्वारा सामने लगे पंडाल में फूल –माला, बुके भेंट कर शुभकामनाएं ब्यक्त किया जाता है। इस वर्ष यह कार्यक्रम मौसम को देखते हुए मंदिर पूजन के पश्चात हवेली स्थित राजमहल के दरबार हाल में सम्पन्न हुआ। जहां बड़ी संख्या में उपस्थित गणमान्य जनों ने बधाई दिया। उपस्थित जनों में मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख श्री सुरेन्द्र सिंह, पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर अखिलेश्वर शुक्ला, डॉ अजीत कपुर, श्री विनीत सेठ, डॉ सुभाष सिंह, डॉ ओमप्रकाश शाही, पूर्व प्रधानाचार्य



डॉ सत्यराम प्रजापति, डॉ प्रेमचंद चंद, प्राचार्य डॉ शम्भू राम, प्रधानाचार्य डॉ संजय चौबे, बृजेश सिंह, संजय सिंह, राजकुमार, कन्हैया आदि सहित राज डिग्री एवं इंटर के अधिकांश शैक्षणिक,गैरशैक्षणिक जनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। तत्पश्चात् स्वल्पाहार के साथ सम्पूर्ण कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ।

